दैनिक पंचांग

15 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह	स्थिति	लग्नारंभ समय
सूर्य	मेष में	मेष 05.41 बजे से
चंद्र	मीन में	वृष 07.21 बजे से
मंगल	मीन में	मिथुन 09.19 बजे से
बुध	मीन में	कर्क 11.32 बजे से
गुरु	मिथुन में	सिंह 13.49 बजे से
शुक्र	मेष में	कन्या 16.00 बजे से
शनि	मीन में	तुला 18.11 बजे से
राहु	कुंभ में	वृश्चिक 20.26 बजे से
केतु	सिंह में	धनु 22.42 बजे से
		मकर 00.47 बजे से
		कुंभ 02.34 बजे से
		मीन 04.06 बजे से

राहुकाल 12.00 से 1.30 बजे तक

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
लाभ	05.54	से 07.22 बजे तक	उद्वेग	05.41	से 07.12 बजे तक
अमृत	07.22	से 08.51 बजे तक	शुभ	07.12	से 08.44 बजे तक
काल	08.15	से 10.19 बजे तक	अमृत	08.44	से 10.16 बजे तक
शुभ	10.19	से 11.47 बजे तक	चर	10.16	से 11.47 बजे तक
रोग	11.47	से 01.16 बजे तक	रोग	11.47	से 01.19 बजे तक
उद्वेग	01.16	से 02.44 बजे तक	काल	01.19	से 02.51 बजे तक
चर	02.44	से 04.12 बजे तक	लाभ	02.51	से 04.23 बजे तक
लाभ	04.12	से 05.41 बजे तक	उद्वेग	04.23	से 05.54 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर हैं अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। m.Jagrutidaur.com, Bangalore

नील गगन के नक्षत्र

1	3	5	0
290	139	168	569
560	256	249	578
579	445	780	668

दिन-460-229

मधुर डे-199-600 मधुर नाइट-

मिलन डे-480-700 मिलन नाइट-

भविष्यफल

आज जन्म लिए बालक का फल.....

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, वैशाख कृष्ण पक्ष, बसंत ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय पश्चिमे तिथि, त्रियोदशी, बुधवासरे, पूर्वाभाद्र नक्षत्रे, वृण योगे, गर करणे, मीन की चंद्रमा, पद्म योग, प्रदोष व्रत भद्रा 35/48 तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलदायी होगी।

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, कुशल वक्ता-अधिवक्ता, शासक-प्रशासक, उद्योगपति, हार्डवेयर का व्यापारी, किराना, कपड़ा व्यापारी, क्राकरी एवं फलों का व्यापारी, रसायन वस्तु का व्यापारी होगा।

मेष राशि : इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, मनोबल बनाये रखें, विचार हीनता से बचे रहें।

वृष राशि : भाग्य का सितारा प्रबल होगा, इष्ट मित्र सहयोग करेंगे, माता-पिता से सहयोग मिलेगा।

मिथुन राशि : इष्ट मित्रों से परेशानी, अशांति दैनिक कार्यगति बनी रहेगी, ध्यान दें।

कर्क राशि : मान-प्रतिष्ठा, प्रभुत्व वृद्धि होगी, कृषि के कार्य बनेंगे, दैनिक कार्य में वृद्धि हो।

सिंह राशि : कार्यगति अनुकूल हो, सामाजिक कार्यों में प्रभुत्व वृद्धि तथा प्रतिष्ठा बनेगी।

कन्या राशि : कुटुम्ब की परेशानी, चिन्ता व व्यग्रता, मानसिक उद्विग्नता से बने रहे।

तुल राशि : धन हानि, शरीर कष्ट, मानसिक बेचैन, व्यर्थ भ्रमण तथा विशेष ध्यान दें।

वृश्चिक राशि : इष्ट मित्र सुखवर्धक हो, अधिकारियों का समर्थन फलप्रद अवश्य ही होगा, ध्यान दें।

धनु राशि : कार्य कुशलता से संतोष की प्राप्ति होगी, दैनिक समृद्धि के साधन जुटाएं।

मकर राशि : दैनिक कार्यगति वृत्तियों में सुधार, योजनाएं फलीभूत होंगी, रुके कार्य बनेंगे।

कुंभ राशि : विशेष कार्य स्थिगित रखें, मानसिक विभ्रम, उद्विग्नता अवश्य बने।

मीन राशि : कार्य विफलता, प्रयास करने पर सफलता मिले, कार्य रुकेंगे, ध्यान दें।

कर्क राशि : मान-प्रतिष्ठा,

वास्तु के अनुसार NE सिर्फ शुभ ही नहीं, बल्कि बहुत संवेदनशील भी होती है

यह घर का सबसे संवेदनशील हिस्सा होता है।

ब्रह्म मुहूर्त के समय सुबह कए सूर्य की निर्मल किरनें इस जगह को अच्छी एनर्जी से भर देती है, वहीं यहाँ छोटी सी गड़बड़ी भी जीवन पर बड़ा असर डाल सकती है।

यह दिशा जितनी खुली और साफ सुथरी होगी उतना ही लाभ प्राप्त होता है।

यह दिशा डायरेक्ट रूप से पैसे से नहीं, पर हमारे सोच और निर्णय क्षमता से जुड़ी होती है।

यह दिशा मुख्य रूप से सोचने की क्षमता, सही खदृष्टब्रह्मश्ठ लेना, तथा मानसिक शांति को प्रभावित करती है।

अगर यहाँ दोष हो तो व्यक्ति कन्फ्यूज रहता है।

यहां पर पानी अच्छा है, पर सिर्फ साफ और हल्का पानी जैसे छोटा फव्वारा, पीने का शुद्ध पानी अच्छा होता है।

गंदा या भारी पानी (जैसे गंदा/सैप्टिक टैंक) नुकसान करता है।

इस दिशा का संबंध भविष्य और बच्चों की प्रगति से है।

यहां पर दोष होने पर बच्चों का ध्यान भटकता है तथा उनकी ग्रोथ धीमी हो जाती है।

कटा हुआ ह्रश्व परेशानियाँ, अवसरों की कमी थोड़ा बढ़ा हुआ ह्रश्व तरक्की और शुभ परिणाम देता है।

यहाँ पूजा स्थान अच्छा है, लेकिन बहुत ज्यादा मूर्तियाँ या भारी मंदिर, अखंड ज्योत व्यक्ति को ज्यादा भावुक , , अलग-थलग बना सकता है।

इस दिशा में टॉयलेट होने पर सिर्फ धीरे धीरे स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि समाज में मान-सम्मान कम हो सकता है।गलत फैसले और बदनामी हो सकती है। ईशान का फर्श थोड़ा नीचा होना अच्छा व ऊँचा होने पर मौके रुक सकते हैं।

ईशान में मुख्य दरवाजा अच्छा होता है, पर इससे व्यक्ति ज्यादा शांत और आध्यात्मिक बन सकता है, इसलिए हर किसी के लिए हमेशा प्रैक्टिकल नहीं होता है।

यह दिशा जीवन में कर्मों का फल जल्दी दिखाती है।

सही होने पर सब सहज चलता है, गलत होने पर बार-बार रुकावट आती है।

इस दिशा में किसी भी तरह का वजन सीढ़ियां स्टोर रूम इत्यादि का होना भी ईशान की सोच को धीरे-धीरे कुंद कर देता है।

पर अगर मजबूरी में यहां पर सीढ़ियां बनानी ही पड़े तो फाइबर की या ग्लास की सीढ़ियां बनाएं। सीमेंट की भारी सीढ़ियों का निर्माण बिल्कुल ना करें। तथा जिनमें से एनर्जी फ्लो हो सके यानी राइजर ना बनाएं।

जितने हल्के रंगों का प्रयोग कर सके वैसा करना चाहिए। यह दिशा खुली और हवादार होनी चाहिए।

– गुरु महेश जैन, इंटरनेशनल ज्योतिषाचार्य अनुष्ठानकर्ता, राणापुर
जिला झाबुआ मध्यप्रदेश, 7000098868 9425188009

जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हितग्राहियों को किया हितलाभ वितरण

डॉ अम्बेडकर जयंती पर विचार संगोष्ठी एवं जिला स्तरीय संकल्प से समाधान शिविर संपन्न

बड़वानी। भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती के पावन अवसर पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रं. 1 में जिला स्तरीय विचार संगोष्ठी एवं संकल्प से समाधान अभियान के शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाबा साहब के सिद्धांतों पर चर्चा के साथ-साथ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

समारोह के पहले चरण में विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने डॉ अम्बेडकर के जीवन चरित्र पर अपने ओजस्वी उद्बोधन दिए। कई विद्यार्थियों ने काव्य पाठ के माध्यम से बाबा साहब के संघर्षों और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग को रेखांकित किया। संकल्प से समाधान अभियान के तहत 12 जनवरी से 31 मार्च की अवधि में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हुए पेंशन प्रकरण के निराकरण के बाद नए पेंशन स्वीकृति पत्र, संबल 2.0 अनुग्रह सहायता योजना के तहत हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र, पीएम स्वनिधि योजना के तहत नगरपालिका के माध्यम से ऋण वितरण स्वीकृति पत्र जनप्रतिनिधियों द्वारा वितरित किए गए। पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल ने बाबा साहब के जीवन चरित्र संबंध में अवगत कराते हुए कानून मंत्री और संविधान मसौदा समिति अध्यक्ष के रूप में उनके योगदान बारे में अवगत कराया। विधायक राजन मंडलोई ने डॉ अम्बेडकर की बहुमुखी प्रतिभा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनके द्वारा बनाए गए श्रम कानून और हिंदू कोड बिल ने महिलाओं को समाज में समान अधिकार दिलाने प्रयासों का उल्लेख किया। इस अवसर कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, सीईओ जिला पंचायत काजल जावला, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग जीएस डामोर, जनप्रतिनिधि उपाध्यक्ष श्रीमती सुमनदेवी वर्मा, पार्षद शंकर कुशवाह एवं मोहन बामनिया, जनपद सीईओ मोतीलाल काग, नगरपालिका सीएमओ श्रीमती सोनाली शर्मा, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य अनिल मिश्र, प्राचार्य कन्या हाई स्कूल मुस्तकीम खान सहित स्कूल स्टॉफ और नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश गोयल ने किया। अंत में सभी अतिथियों व जनसमूह का आभार व्यक्त किया।

बड़वानी से हज यात्रियों का भव्य इस्तकबाल

बड़वानी। शहर में हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों का सुन्नत मुस्लिम जमाअत एवं दारुल कजात बड़वानी द्वारा भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर हज यात्रियों को पुष्प मालाएं पहनाकर इस्तकबाल किया गया और उनके सफल सफर के लिए दुआएं की गई। शहर सदर कय्यूम कुरैशी एवं जमाअत के जिम्मेदारों तथा सेक्रेट्री फजलुर्रहमान शेख ने बताया कि शहर से लगभग 25 हज यात्री और पूरे जिले से करीब 200 लोग इस वर्ष हज के लिए मक्का और मदीना की पवित्र यात्रा पर रवाना होंगे। भारत से हजारों की संख्या में जायरीन इस अहम इबादत के लिए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान शहर के इमामों एवं नागरिकों ने हज यात्रियों के सफर की कामयाबी, आसानियों, अच्छे स्वास्थ्य और देश-दुनिया में अमन-चैन व खुशहाली के लिए दुआएं की। सिफ्त हिजामा सेंटर के डॉ शाहिद मंसूरी द्वारा सभी हज यात्रियों को मेडिकल किट भी वितरित की गई। जमीयत के इमामों ने हज के जरूरी अरकान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉक्टर अब्दुल रशीद पटेल, कय्यूम कुरैशी, नूरजमा शेख, नासिर कुरैशी सहित अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। अंत में सेक्रेट्री फजलुर्रहमान शेख ने आभार व्यक्त किया।

आदर्श महाविद्यालय का ग्रंथालय बाबा साहेब अंबेडकर को समर्पित

बड़वानी। भारत रत्न महामानव पुज्य बाबा साहेब अंबेडकर जी की 135वीं जयंती 14 अप्रैल को शहर के शासकीय आदर्श विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करते हुए उनके कृतित्व एवं उनके योगदान को याद करते हुए प्राचार्य डॉ प्रमोद पंडित ने कहा कि बाबा साहेब युग प्रवर्तक और भविष्य दृष्ट्रा थे। उन्होंने हजारों वर्षों से चली आ रही सामाजिक विषमता को मिटाने और समता मूलक समाज के निर्माण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। जयंती अवसर पर प्राचार्य ने महाविद्यालय के ग्रंथालय वाचनालय का नाम भारत रत्न महामानव बाबा साहेब अंबेडकर जी के नाम से रखने का निर्णय भी लिया। प्रो राजाराम मुवेल के तत्वावधान में आयोजित जन्म जयंती कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्रा शीतल बंडोड ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन प्रो मुवेल ने किया एवं आभार प्रो दिलीप पाटीदार ने माना। इस अवसर पर प्राध्यापक, विद्यार्थी एवं स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

अधिकारियों ने लिया चार्ज स्तर पर व्यवस्थाओं का जायजा

जनगणना 2027 प्रशिक्षण का सतत निरीक्षण

बड़वानी। जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में संचालित प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम एवं द्वितीय दिवस पर प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी सोहन कनाश तथा भोपाल से नियुक्त जिला जनगणना प्रभारी निखिल तिवारी द्वारा जिले के विभिन्न चार्जों का भ्रमण कर प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण स्थलों पर उपस्थित व्यवस्थाओं, प्रशिक्षण की गुणवत्ता, प्रतिभागियों की उपस्थिति, फील्ड ट्रेनरों द्वारा दी जा रही जानकारी तथा प्रशिक्षणार्थियों की सहभागिता का बारीकी से अवलोकन किया गया। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों से संवाद स्थापित कर उनकी समझ एवं प्रशिक्षण की प्रभावशीलता का भी आंकलन किया गया। अधिकारियों द्वारा विशेष रूप से यह निर्देश दिए गए कि प्रशिक्षण के दौरान जनगणना से संबंधित अवधारणाओं, एचएलओ की प्रक्रिया, मोबाइल ऐप के उपयोग एवं डेटा की शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे फील्ड स्तर पर कार्य में किसी तरह की त्रुटि न हो। साथ ही यह भी बताया कि प्रशिक्षण के तृतीय दिवस पर प्रतिभागियों को विभिन्न क्षेत्रों में जाकर फील्ड स्तर पर प्रैक्टिकल अभ्यास कराया जाएगा। जिससे वे वास्तविक परिस्थितियों में कार्य की प्रक्रिया को बेहतर ढंग से समझ सकें। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण स्थलों पर आवश्यक संसाधनों, बैठने की व्यवस्था, तकनीकी सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई तथा आवश्यकतानुसार सुधार हेतु निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है, जिससे जनगणना 2027 का कार्य उच्च गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ संपादित किया जा सके।

किसानों की समृद्धि सहकारिता से ही संभव शिविर में 115 नए सदस्य बनाए

जिला सहकारी बैंक धार का पेक्स सदस्यता अभियान शिविर गुजरी में संपन्न

धार। गुजरी धार भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा मनाए जा रहे किसान कल्याण वर्ष के तहत आयुक्त सहकारिता भोपाल निर्देश अनुसार 14 अप्रैल बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती से प्रारंभ किए जा रहे पेक्स सदस्यता अभियान के शिविरों का शुभारंभ जिला स्तरीय शिविर ग्राम गुजरी में विपेक्स संस्था कार्यालय में आयोजित कर किया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उपायुक्त सहकारिता जिला धार सुश्री वर्षा श्रीवास विशिष्ट अतिथि श्री के के रायकवार महाप्रबंधक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक धार, सोनिया लाड लेखा अधिकारी, सौरभ समकारिया विपणन अधिकारी,अंकित परमार योजना विकास अधिकारी सी सी बी धार रहे अतिथियों का स्वागत प्रशासक रमेश पेंडारकर प्रबंधक राजेश पारीक भूपत सिंह चौहान हिम्मत सिंह चौहान मुन्ना लाल वर्मा अजय पाटीदार मोहन दुबे कल्याण खेड़े एवं मांगीलाल बिहारी ने किया शिविर में 116 नए सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन ने बताया कि किस

को यदि आर्थिक प्रगति के पथ पर अग्रसर होना है तो सहकारी संस्थाओं की सदस्यता ग्रहण करनि चाहिए सहकारिता से ही समृद्धि के द्वार खुलते हे क्योंकि यहां पर 0% पर केसीसी ऋण उपलब्ध होता है साथ ही उत्तम किस्म के कृषि आदान और रासायनिक खाद 0% ब्याज पर किसानों को उपलब्ध कराए जाते हैं किसानों को बिना ब्याज का कर्ज अगर कहीं मिल सकता है तो वह सिर्फ सहकारी संस्था है अतः सभी किसान जो सहकारी संस्थाओं के सदस्य नहीं है उन्हें सहकारिता से जुड़ना चाहिए कृषकों द्वारा भी बताया कि हम आज सहकारी संस्था परिवार में सम्मिलित होकर अच्छा महसूस कर रहे हैं अब हमें भी 0% पर केसीसी ऋण उपलब्ध होगा जिससे हम अपने परिवार की उन्नति एवं प्रगति कर सकेंगे कार्यक्रम में बल्लूसिंह वास्केल , अशोक ठाकुर, भीम सिंह ठाकुर कैलाश बुंदेला, महिपाल खराड़ी सुनील सिंगर अशोक कंवर उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन राजेश पारीक द्वारा किया गया एवं आभार रमेश पेंडारकर द्वारा व्यक्त किया।

डॉ. आंबेडकर जयंती पर धामनोद नगर मे मना भव्य जन्मोत्सव, उमड़ा जनसैलाब

धामनोद। तुलसी जशनानी। नगर में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की 135 वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास ओर सादगी से मनाई गई । इस अवसर पर जय भीम सैनिक संगठन के नेतृत्व में एक भव्य संविधान यात्रा सुंन्देल फाटे से प्रारम्भ हुआ जो न्यू बस स्टैंड पहुंचा यात्रा मे एक रंगीय पहनावे मे महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग नजर आए मुख्य मार्ग पर बाबा साहब के जयघोष गूंजते रहे और वातावरण पूरी तरह से उत्साह एवं श्रद्धा से सराबोर हो गया । यात्रा में शामिल लोगों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर डॉ. आंबेडकर के विचारों और सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार किया । यात्रा मे प्रसिद्ध राजकमल बैंड हल्दीघाटी का प्रसिद्ध आदिवासी नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहा **बस स्टेण्ड पर केक काटकर मनाया जन्मोत्सव** -यात्रा प्रतिमा स्थल पहुंची जहाँ केक काटकर जन्मोत्सव मनाया जमकर आतिशबाजी के साथ ड्रोन से पुष्पवर्षा की बता दे कि सम्पूर्ण कार्यक्रम की निगरानी ड्रोन से कराई गई नम आँखो से बाबा साहब को याद किया साथ ही वक्ताओं ने बाबा साहब द्वारा समाज के उत्थान, समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए किए गए संघर्षों को याद दिलाया इनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया । कार्यक्रम का समापन एक सभा के रूप में हुआ, जहां समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपने विचार व्यक्त दिए । डॉ आंबेडकर ने देश को एक मजबूत संविधान प्रदान किया और समाज के हर वर्ग को समान अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया । उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक समतामूलक और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम मे धामनोद सहित आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे

बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प

खेतिया में अंबेडकर जयंती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण

प्रशांत सिरसाठ इन्दोर समाचार खेतिया खेतिया। भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर खेतिया नगर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दलित संगठनों के तत्वावधान में नगर के अंबेडकर चौक से ढोल-नगाड़ों के साथ रैली निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए प्रतिमा स्थल पर पहुंची।

प्रतिमा स्थल पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान का स्मरण किया। कार्यक्रम में जयभीम दलित शक्ति संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ सुनील बागले ने बाबा साहब के संघर्ष, संविधान निर्माण और उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका मूल मंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री सचिन चौहान, पत्रकार संघ अध्यक्ष राजेश नाहर, बिरसा फाइटर के सुशील पावरा, विकास साड़वे सहित अन्य वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन और उनके संघर्षों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने समाज को समानता, न्याय और शिक्षा का रास्ता दिखाया। वक्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने और समाज में भाईचारा एवं समरसता बनाए रखने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष दशरथ निकुम, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामचंद्र सोनीस, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश सोनीस, मुख्य नगर पालिका अधिकारी ईश्वर महाले, पूर्व कर अधिकारी टीडी गवले सहित विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही भारतीय बौद्ध महासभा मध्यप्रदेश उपाध्यक्ष एवं जयभीम दलित शक्ति संगठन जिला बड़वानी के जिलाध्यक्ष डॉ सुनील बागले, भारतीय बौद्ध महासभा जिलाध्यक्ष विकास साड़वे, ब्लॉक अध्यक्ष बृजलाल बैसाने, संरक्षक पंडित गवले, प्रमोद गवले, टीडी गवले, हितेश जाधव सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल रहे। कार्यक्रम के आयोजक पारस (अशोक ठाकरे, जयभीम दलित शक्ति संगठन पानसेमल उपाध्यक्ष), खण्डेराव ठाकरे, मनोज ठाकरे, सुरेश इनदवेकर, गोपाल ठाकरे, पुरस्कार ठाकरे, गौरव कुवंर, संजय कुवंर, प्रणव ठाकरे, सौरव ठाकरे, दीपक थोरात, नाना कुवंर, हीरालाल ठाकरे, नहानु ठाकरे, अरविंद ठाकरे, रमेश कुवंर, कल्पेश ठाकरे आदि रहे। बड़ी संख्या में नागरिक, युवा, महिलाएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान जय भीम और देशभक्ति के नारों से माहौल गूंजता रहा। कार्यक्रम का संचालन संतोष पवार द्वारा किया गया तथा अंत में आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थितजनों ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने और उनके सपनों के भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।